# शिक्षा सोपान
# (डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024–25)
# कक्षा–8


**समय सीमा – 2 घंटा** **कुल अंक – 100**

**निर्देशः** (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहे हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती है।

## गणित (56)

**1.** नीचे दिये चित्र में ABCD एक आयत (rectangle) है जिसके विकर्ण (diagonal) बिंदु O पर मिलते हैं। यह $AO = 2x + 4$ तथा $OD = 3x + 1$ हो, तो $x$ का मान निकालें। (6)




**2.** व्यंजक (expression) $3y(2y-7)-3(y-4)-6$ को इस प्रकार लिखें कि उसमें एक $y^2$ का पद (term) हो, एक $y$ का पद हो तथा एक बिना $y$ का पद हो। $y = -2$ के लिये इस व्यंजक का मान निकालें। (6)


**3.** A एक धनात्मक (positive) संख्या है इसका घन (cube) इसके वर्ग (square) से छोटा है। यदि A के सभी संभव (possible) मान $a < A < b$ के रूप में लिखे जा सकते हैं तो $a$ तथा $b$ के मान निकालें। (6)

**4.** $\dfrac{12^6 \times 9^6}{36^5 \times 3^5}$ का मान निकालें। (6)

**5.** नीचे दिये भिन्नों (fractions) में से कौन चित्र के रेखांकित भाग (shaded part) को दिखाता है? (6)

(a) $\dfrac{1}{2}$ (b) $\dfrac{2}{3}$ (c) $\dfrac{3}{4}$ (d) $\dfrac{5}{4}$

अपने उत्तर के लिये उचित कारण दें।





**6.** (a) $\dfrac{\sqrt{35}}{\sqrt{5}}$ परिमेय है या अपरिमेय? कारण सहित बताएँ।

(b) यदि $\dfrac{3x+2}{3} = \dfrac{x}{5} + 1$ तो $x$ का मान निकालें।

(c) चार अंको की एक संख्या □□□8 है। क्या पहले तीन अंको को इस प्रकार चुना जा सकता है कि यह संख्या पूर्ण वर्ग हो? कारण सहित बताएँ। (6)

**7.** वह सबसे छोटी पूर्णांक वर्ग संख्या (integer square number) निकालें जो 8, 15 तथा 20 से पूरी–पूरी कट (divisible) जाये। (6)

**8.** चित्र में एक समानान्तर चतुर्भुज (parallelogram) दिखाया गया है। कुछ कोण (angle) दिये गये हैं। $x, y$ तथा $z$ कोणों के मान निकालें। (6)





**9.** एक घनाभ (cuboid) के आकार के कमरे की छत का क्षेत्रफल (area) 30 वर्गमीटर, एक दीवार का क्षेत्रफल 24 वर्गमीटर तथा बगल की दीवार का क्षेत्रफल 20 वर्गमीटर है। कमरे की लंबाई L, चौड़ाई W तथा ऊँचाई H का मान निकालें। (8)

## विज्ञान (25)

**10.** (a) क्या पेड़ साँस लेते हैं?
(b) दिन में धूप के समय पेड़ हवा से कौन सी गैस लेते हैं और हवा को कौन सी गैस देते हैं?
(c) रात के अंधेरे में पेड़ हवा से कौन सी गैस लेते हैं और हवा को कौन सी गैस देते हैं? (3)

**11.** दिये गये चित्र को देखें। (3)




(a) इस चित्र में क्या दिखाया गया है?
(b) इसमें दिखने वाली लाइनें क्या दिखा रही हैं?
(c) इसमें कई गोल आकृतियाँ (shapes) दिख रही हैं? ये क्या दिखा रही हैं?

**12.** दही जमाने के लिये बहुत से दूध को हल्का गर्म कर उसमें थोड़ा सा दही मिला कर छोड़ दिया जाता है। कुछ घंटों में पूरे दूध का दही बन जाता है। (3)
(a) दूध में दही बनाने का कार्य मुख्य रूप से किसके द्वारा किया जाता है?
(b) यदि दही की मात्रा थोड़ी बढ़ा दी जाये तो क्या दूध जल्दी जम जायेगा? क्यूँ या क्यूँ नहीं?
(c) दूध को तेज गर्म कर दिया जाये तो क्या दूध जल्दी जम जायेगा? क्यूँ या क्यूँ नहीं?

**13.** ऐसे चार पदार्थों के नाम बतायें जो ज्वाला (flame) के साथ जलते हैं। (4)

**14.** इनमें से किस अभिक्रिया में पॉप की ध्वनि के साथ जलने वाली गैस निकलती है? यह गैस कौन सी है? (2)
(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड तथा अल्यूमीनियम की अभिक्रिया से
(b) मोम के जलने से
(c) कोयले के जलने से
(d) मैग्नेशियम के जलने से

**15.** चित्र में दिखाये बरतनों की तली (bottom) के बिंदुओं पर लगते दाब पर विचार करें। बरतन (1) की तली के बिंदुओं पर दाब को $P_1$ तथा बरतन (2) की तली के बिंदुओं पर दाब को $P_2$ कहें। पानी द्वारा बरतन (1) की तली पर लगते बल को $F_1$ तथा बरतन (2) की तली पर लगते बल को $F_2$ कहें। (5)




(a) $P_1 > P_2, P_1 = P_2$ या $P_1 < P_2$
(b) $F_1 > F_2, F_1 = F_2$ या $F_1 < F_2$

**16.** यदि आप अपने हाथ को आगे–पीछे कर उसे कंपन करायें तो उससे ध्वनि नहीं निकलती। कारण बतायें? (5)

## भाषा (19)

**17.** नर हो, ना निराश करो मन को
कुछ काम करो, कुछ काम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो

इस कविता में क्या संदेश दिया गया है, समझाएँ। (5)

**18.** आप जिस घर में रहते हैं उसका वर्णन (describe) करें। (6)

**19.** Why is India great? Write in English. (8)

# शिक्षा सोपान

**(डॉ० व्ही. एन. कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा - 2024)**


**समय सीमा - 2 घण्टे** **कक्षा—8** **कुल अंक: 100**

**निर्देश :** (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहें हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती हैं।

## गणित (55)

1. हल कीजिये । (6)
   a) $25-\left[40\div\left\{8\left(6-6-1\right)\right\}\right]=?$
   b) $48\div 6+\left(5\times 6\right)\times 13+6=?$
   c) $52-4\ \left(17-12\right)+4\times 7=?$
2. $15x^4+3x^2-18$ का गुणनखंड (factors) कीजिये। (3)
3. $29\frac{791}{1000}$ का घनमूल (cube root) ज्ञात करें (3)
4. यदि $\frac{7x+4}{3}-\frac{17-3x}{5}=4x-\frac{10x+2}{5}$ तो $x$ का मान बताये। (4)
5. यदि $x+\frac{1}{x}=6$ तो $x^3+\frac{1}{x^3}$ का मान बताये। (4)
6. तीन अंको की एक संख्या 4, 6, 8 से पूरी - पूरी कट (divide) जाती है, इस संख्या के तीनो अंको का जोड़ 9 है, वह संख्या बताइये ? (3)
7. वह छोटी से छोटी प्राकृतिक संख्या (natural number) ज्ञात करो जिसे 594 में जोड़ दे तो योगफल पूर्ण वर्ग हो जाता है।(3)
8. चित्र में कोण (θ) का मान ज्ञात कीजिये। (4)




9. एक वृताकार (circular) मैदान की त्रिज्या (radius) 40 मी है। 300 रुपये प्रति मी² की दर से मैदान के चारों ओर 6 मी चौड़ी सड़क बनाने का खर्च ज्ञात कीजिये ? (5)
10. एक आइसक्रीम कोन की ऊँचाई (height) 48 सेमी तथा आधार (base) का व्यास (diameter) 32 सेमी है। इस कोन में कितनी आइसक्रीम आयेगी? (5)
11. रहीम ने 50000 रुपये के शुरुआती निवेश (investment) के साथ काम शुरु किया। पहले साल में उसे 4% की हानि (loss) हुई। लेकिन दूसरे वर्ष उसे 5% का लाभ (profit) हुआ और तीसरे वर्ष में 10% का लाभ हुआ। 3 वर्षो की पूरी अवधि (period) में उसे कितना लाभ प्राप्त हुआ? (5)
12. ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज (cyclic quadrilateral) है। यदि $A = 64^\circ$ और $B = 70^\circ$ तो C और D ज्ञात कीजिये। (5)
13. यदि a : b = 2 : x , b : d = 1 : 2 एवं a : d = 6 : 9 तो X का मान ज्ञात करें। (5)

**(विज्ञान 20)**

1. प्रत्येक के बारे में बताये कि सही (True) या गलत (False) (2)


(a) हीरा (diamond) कार्बन का रूप है ( )

(b) दाब (pressure) का मात्रक पास्कल है। ( )

(c) रेयान प्राकृतिक रेशा (natural fiber) है ( )

(d) एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग कीटाणुनाशक के रूप में किया जाता है ( )

2. चित्र में दो स्थितियाँ दिखाई गई है। किस स्थिति (case) में कोई व्यक्ति कमरे के अंदर राखी वस्तुओ (objects) को खिड़की द्वारा देख सकते है? कारण सहित स्पष्ट कीजिये।




3. एक दीवार पर कील से एक तस्वीर टंगी है एक मनुष्य फर्श पर खड़े हो कर तस्वीर को देख रहे है कमरे की छत से लटका पंखा चल रहा है । (2+2+2=6)

a. कील द्वारा किन पर बल लगाया जा रहा है? दीवार, कील, तस्वीर, मनुष्य तथा फर्श पर विचार करें। वह बल संपर्क बल (contact force) है या असम्पर्क बल (non-contact force) है ?

b. पंखे द्वारा किस पर बल लगाया जा रहा है? वह बल संपर्क बल है या असम्पर्क बल है ?

c. मनुष्य द्वारा किस पर बल लगाया जा रहा है वह बल संपर्क बल है या असम्पर्क बल है ?

4. पॉलीथिन एक्रिलिक तथा बेकेलाइट के एक एक उपयोग लिखिए (3)

5. इन समीकरणों को पूरा करें और संतुलित करें। (3)

$Na + O_2 \longrightarrow$

$Na + H_2O \longrightarrow$

$ZnCl2 + H_2SO_4 \longrightarrow$

6. ठोस , द्रव तथा गैस में क्या अंतर है ? (3)

(a) अखबार ठोस है या द्रव या गैस ? क्या अख़बार का आकार निश्चित है या बदल सकता है?

(b) बैगन का भरता ठोस है या द्रव है या गैस ? क्या इसका आकर निश्चित रहता है ?

## (भाषा 25)

1. सार्थक वाक्य बनाने के लिए शब्दों को उचित क्रम में व्यवस्थित करें । (5)

(a) dog / Rahul / with / his / pet / playing / enjoys

(b) I / be / want to / an / astronaut

(c) Lord Rama / seventh/ is /the / avtar /of / lord vishnu

(d) travelling / am / Kanpur metro / in / I

(e) My / doctor / mother / is /a

2. कानपुर शहर के बारे में निबंध लिखें। (10)

अथवा

देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर निबंध लिखें।

3. Write 10 sentences about your family in English. (10)

# शिक्षा सोपान

**(डॉ० व्ही. एन. कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा - 2023)**


समय: 2 घंटे | कक्षा–8 | कुल अंक: 100

निर्देश : (a) सभी प्रश्न हल हल करें।


(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहें हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती हैं।

## गणित (50)


1. $4(x-3)-3(x-4)$ का मान $x$ से छोटा है, $x$ के बराबर है या $x$ से बड़ा है? (2)
2. दो ऐसी अपरिमेय (Irrational) संख्याऐं बतायें जिनका योगफल एक परिमेय (Rational) संख्या हो। (3)
3. एक परिवार में तीन भाई हैं। सबसे बड़े भाई मंझले भाई से 4.3 वर्ष बड़े हैं। तथा मंझले भाई अपने छोटे भाई से 4.3 वर्ष बड़े हैं। तीनों भाइयों की उम्रों का योगफल 60 वर्ष है। तीनों की उम्र अलग–अलग निकालें। (4)
4. एक त्रिभुज (Triangle) ABC में AB की लंबाई का मान AC तथा BC की लंबाइयों के औसत (Average) के बराबर है। यदि त्रिभुज का परिमाप (Perimeter) 24 cm हो तो इसकी भुजाओं की लंबाईयाँ निकालें। (5)
5. एक संख्या में 1111 तथा 7 से पूरा भाग लग जाता है। यह संख्या 7000 से बड़ी है और 8000 से छोटी है। संख्या को लिखें। क्या ऐसी और भी संख्याऐं हो सकती है? (5)
6. $1000\sqrt{2}-1412$ का मान दशमलव (Decimal) के दो स्थानों तक निकालें। (5)
7. तीन एक जैसी घनाकार (In the shape of cube) वस्तुओं में प्रत्येक की एक भुजा की लंबाई 10 cm है। (6)
   (a) प्रत्येक घन की बाहरी सतहों का कुल क्षेत्रफल (Area) निकालें।
   (b) तीनों घनों को एक के आगे एक जोड़कर एक लंबी सीधी वस्तु तैयार की गई है। इस वस्तु की बाहरी सतहों का कुल क्षेत्रफल निकालें।



8. कपड़ों की एक दुकान A के बोर्ड पर "50%+30% छूट" लिखा है। इसका अर्थ है कि छपे हुए मूल्य का 50% छूट देकर जितना मूल्य बनेगा उसका 30% और छूट दी जायेगी। एक दूसरी दुकान B के बोर्ड पर 45%+45% लिखा है। एक ग्राहक को छपे मूल्य 1200 रूपये वाली ड्रेसे खरीदनी हैं। उसे किस दुकान से ये खरीदनी चाहिये? यदि वह गलत दुकान से खरीदे तो उसे कितने रूपये का नुकसान होगा? (6)
9. एक समचतुर्भुज (Rhombus) ABCD की प्रत्येक भुजा की लंबाई 25 cm है तथा विकर्ण (Diagonal) AC की लंबाई 30 cm है। विकर्ण BD की लंबाई निकालें। (6)




10. साइकिल का एक पहिया सड़क पर बिना फिसले चल रहा है। इसका एक स्पोक CA शुरू में ऊपर की ओर था जो बाद में नीचे की ओर आ जाता है। (8)
   (a) यदि पहिये की त्रिज्या (Radius) $\frac{100}{\pi}$ cm हो तो उसका केंद्र $x$ दूरी चला। $x$ का मान निकालें।
   (b) इसी समय अंतराल में स्पोक CA का सिरा (A) $y$ दूरी चला। $y$ का मान $x$ के बराबर होगा, उससे बड़ा या उससे छोटा होगा?





## विज्ञान ( 28)

11. सड़े हुए कूड़े कचरे, गोबर आदि से मुख्यतः एक गैस निकलती है, जो ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाती है। इस गैस का नाम बतायें। (2)
12. क्लोरोप्लास्ट तथा क्रोमोप्लास्ट में अंतर बताऐं। (3)

(कृपया पृष्ठ पलटें)

13. 10 cm भुजा तथा एकसमान घनत्व (Density) वाली एक घनाकार वस्तु एक क्षैतिज (Horizontal) टेबुल पर रखी है। वस्तु का द्रव्यमान (Mass) 2 kg है। वस्तु के कारण टेबुल पर लगते दाब (Pressure) की गणना करें। $g = 10\,m/s^2$ लें। (4)

14. इस चित्र में दो दर्पणों (Mirror) की सहायता से बालक को बालों का पिछला हिस्सा दिखाया जा रहा है। इस चित्र में परावर्तन (Reflection) संबंधी जो–जो गलतियाँ आप देख पा रहे हों उन्हें लिखें। (4)



15. रोशनी के लिये हम बिजली के बल्ब का भी उपयोग कर सकते हैं और मोमबत्ती का भी। इन दोनों में आपको जो–जो फर्क समझ आये उन्हें लिखें। (5)

16. जीवित प्राणियों की सबसे छोटी इकाई सेल कहलाती है। टार्च से रोशनी प्राप्त करने के लिये उसमें सेल डाला जाता है। इन दोनों प्रकार के सेल के लिये चित्र बनायें तथा उसके विभिन्न भागों को दिखायें। (5)

17. एक गैस A में एक दूसरी गैस B के परमाणु (Atom) शामिल हैं। A आग बुझाने में सहायता करती है पर B आग जलाने में सहायता करती है। A तथा B के नाम बतायें तथा उनके रासायनिक सूत्र (Chemical formula) लिखें। (5)

## भाषा **(22)**

18. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (6)

डॉ0 कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिये। सपनों को विचारों में बदलना चाहिये। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिये। डॉ0 कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषण'तथा 'पद्मविभूषण'से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है।

(a) भारत रत्न, पद्मभूषण तथा पद्मविभूषण क्या होते हैं?
(b) सपनों को हकीकत में बदलने के लिये हमें क्या करना चाहिये?
(c) दृढ़ इच्छा शक्ति से आप क्या समझते हैं?

19. इन मुहावरों के अर्थ उदाहरण सहित समझायें। (6)

(a) नाक में दम करना
(b) दिन–रात एक करना
(c) कान भरना

20. Dr. V.N. Kulkarni Merit Scholarship परीक्षा के बारे में आप जो जानते हैं वह हिन्दी या अंग्रेजी में लिखें। (5)

21. रूपये, बैंक के कार्ड आदि रखने के लिये इनमें से क्या सबसे अधिक उपयोग में लाया जाता है। (2)

(a) violet (b) wallet (c) pouch (d) basket

22. "What is this" तथा "Who is this" में क्या अंतर है? (3)

# शिक्षा सोपान

## डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा

**कक्षा - 8**

**कुल अंक -** 100 **समय सीमा – 2 घण्टा**

**निर्देश :** 1 प्रश्नो के अंक प्रश्न के आगे इंगित है।

2. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न संख्या सही से लिखे।

---

**(गणित)**


1. हल कीजिये। (6)

   a) $25-\left[40\div\left\{8\left(6-6-1\right)\right\}\right]=?$

   b) $48\div6+\left(5\times6\right)\times13+6=?$

   c) $52-4\ \left(17-12\right)+4\times7$

2. $15x^4+3x^2-18$ का गुणनखंड कीजिये। (3)
3. $29\frac{791}{1000}$ का घनमूल ज्ञात करें। (3)
4. यदि $\frac{7x+4}{3}-\frac{17-3x}{5}=4x-\frac{10x+2}{5}$ तो $x$ का मान बताये। (5)
5. यदि $x+\frac{1}{x}=6$ तो $x^3+\frac{1}{x^3}$ का मान बताये। (4)
6. तीन अंको की एक संख्या 4, 6, 8 से पूरी- पूरी कट जाती है, इस संख्या के तीनो अंको का जोड़ 9 है, वह संख्या बताइये? (3)
7. वह छोटी से छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करो जिसे 594 में जोड़ दे तो योगफल पूर्ण वर्ग हो जाता है। (3)
8. चित्र में कोण (θ) का मान ज्ञात कीजिये। (4)





9. एक वृताकार मैदान की त्रिज्या 40 मी है। मैदान के चारों ओर 20 मी चौड़ी सड़क बनाने का खर्च 300 रुपये प्रति मी$^2$ से ज्ञात कीजिये? (4)
10. एक आइसक्रीम कोन की ऊँचाई 48 सेमी तथा आधार का व्यास 32 सेमी है। इस कोन में कितनी आइसक्रीम आयेगी ? (4)
11. रहीम ने 50000 रुपये के शुरुआती निवेश के साथ काम शुरु किया। पहले साल में उसे 4% की हानि हुई। लेकिन दूसरे वर्ष उसे 5% का लाभ हुआ। और तीसरे वर्ष में 10% का लाभ हुआ। 3 वर्षो की पूरी अवधि में उसे कितना लाभ प्राप्त हुआ ? (5)

12. ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है यदि $A = 64^o$ और $B = 70^o$ तो C और D ज्ञात कीजिये । (3)


13. यदि a : b = 2 : x , b : d = 1 : 2 एवं a : d = 6 : 9 तथा X का मान ज्ञात करे। (4)

**(विज्ञान)**

1. आप एक शांत तालाब के किनारे बैठे है और पानी में स्थित एक मछली को देख रहे है (3) इस चित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में बनायें। मछली के बिंदु A से चलने वाली प्रकाश की किरण बनायें जो पानी की सतह से परावर्तन के बाद आँख B में पहुँच सके ।




2. आप एक शांत तालाब के किनारे बैठे है और एक पेड़ के पत्ते का प्रतिबिम्ब पानी में देखना चाहते है । इस चित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में बनाये । पत्ते A से चलने वाली प्रकाश की किरण बनायें जो पानी की सतह से परावर्तन के बाद आँख B में पहुँच सके। (3)




3. एक दीवार पर कील से एक तस्वीर टंगी है एक मनुष्य फर्श पर खड़े हो कर तस्वीर को देख रहे है कमरे की छत से लटका पंखा चल रहा है । (2+2+2=6)
   a. कील द्वारा किस पर बल लगाया जा रहा है वह बल संपर्क बल है या असम्पर्क बल है ?
   b. पंखे द्वारा किस पर बल लगाया जा रहा है वह बल संपर्क बल है या असम्पर्क बल है ?
   c. मनुष्य द्वारा किस पर बल लगाया जा रहा है वह बल संपर्क बल है या असम्पर्क बल है ?

4. पानी भरी बाल्टी में पानी की सतह पर स्टील की एक कटोरी धीरे से रख दी जाती है (6)
   a. यह तैरेगी या डूब जायेगी कारण बताएँ ।

b. स्टील की कटोरी को धीरे से बाल्टी की पेंदी तक ले जाकर छोड़ दिया जाता है। यह तैरेगी या डूब जायेगी कारण बताएँ।

5. ठोस, द्रव तथा गैस में क्या अंतर है ? (3)

a. अखबार ठोस है या द्रव या गैस ? क्या अख़बार का आकार निश्चित है या बदल सकता है?

b. बैगन का भरता ठोस है या द्रव है या गैस ? क्या इसका आकर निश्चित रहता है ?

6. निम्नलिखित प्रक्रिया को पूरा करें और संतुलित करें। (3)

$Na + O_2 \longrightarrow$

$Na + H_2O \longrightarrow$

$ZnCl2 + H_2SO_4 \longrightarrow$

**(भाषा)**

1. सार्थक वाक्य बनाने के लिए शब्दों को उचित क्रम में व्यवस्थित करें। (5)

(a) dog / Rahul / with / his / pet / playing / enjoys

(b) I / be / want to / an / astronaut

(c) Lord Rama / seventh/ is /the / avtar /of / lord vishnu

(d) travelling / am / Kanpur metro / in / I

(e) My / doctor / mother / is /a

2. कानपुर शहर के बारे में 10 वाक्य अंग्रेजी में लिखें। (10)

3. भारतीय सेना पर 10-15 वाक्यों में निबंध लिखें। (10)

अथवा

देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर10-15 वाक्यों में निबंध लिखें।